तापमान

अधिकतम 32 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 26 मार्च 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

2

40 सदस्यीय स्काउट-गाइड दल पंचमढ़ी एडवेंचर शिविर के लिए रवाना



## खबर संक्षेप

### भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन आज

**मनेन्द्रगढ़।** जिपं भवन निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन, छग शासन के द्वारा संपन्न होगा, जिसकी अध्यक्षता श्रीमती ज्योत्सना महंत, सांसद कोरबा लोकसभा द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक श्रीमती रेणुका सिंह की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में अध्यक्ष जिपं श्रीमती यशवंती सिंह, उपाध्यक्ष जिपं राजेश साहू, श्रीमती अनीता चौधरी, श्रीमती सुखमंती सिंह, श्रीमती बेलाकुंवर, श्रीमती अनीता सिंह, उजित नारायण सिंह, रामजीत लकड़ा, श्रीमती ममता सिंह, श्रीमती प्रिया, श्रीमती कविता, श्रीमती मीना कुमारी तथा मदन सिंह की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम 26 मार्च को समय दोपहर 2:30 बजे स्थान सीजीएसडब्ल्यूसी गोदाम के सामने चैनपुर में आयोजित किया जाएगा।

### जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक कल

**बैकुण्ठपुर।** जिला खनिज संस्थान न्यास कोरिया की शासी परिषद की बैठक 27 मार्च को प्रातः 11 बजे कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में लोकसभा क्षेत्र कोरबा की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत, भरतपुर-सोनहत की विधायक श्रीमती रेणुका सिंह सरूता, विधायक भईयालाल राजवाड़े तथा मोहित राम पैकरा सहित शासी परिषद के सदस्य उपस्थित रहेंगे। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श एवं अनुमोदन किया जाएगा। इनमें वर्ष 2024-25 के कार्यों की ऑडिट रिपोर्ट का अनुमोदन, वर्ष 2025-26 में निरस्त किए गए कार्यों की स्वीकृति, वर्ष 2025- 26 के स्वीकृत कार्यों के कार्योत्तर अनुमोदन, जिले के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्रों का निर्धारण तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन प्रमुख रूप से शामिल हैं।

# गौवंश हत्या के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के पटना थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गंभीर प्रकरण में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी अनुराग दुबे (गौ सेवक/समाज सेवक) द्वारा सूचना दी गई कि ग्राम खाड़ा निवासी ईश्वर कुमार, उसकी पत्नी चंदाबाई एवं उनके नाबालिग पुत्र द्वारा दो गौवंशीय पशुओं की हत्या कर उनके मांस का उपयोग किया जा रहा है।

सूचना पर पटना पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया। प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता की धारा 325, 3 (5) सहित छग कृषि पशु संरक्षण अधिनियम की धारा 4, 5, 9, 10 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11 के तहत कार्रवाई की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गौवंशीय पशुओं का मांस एवं घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार (खुखरी) जब्त किया। मौके पर पंचनामा तैयार कर मृत पशुओं का पशु चिकित्सक से पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। यह संपूर्ण कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रवि कुर्रे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेशा चौबे के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी राजेश साहू के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी के नेतृत्व में संपन्न हुई।

पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से अपील की है कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि दोषियों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा सके। मामले की आगे की जांच जारी है।




## अवैध शराब जब्त, 11 आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज

जिले में अवैध शराब निर्माण, बिक्री और तस्करी के खिलाफ आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश से लाई गई अवैध शराब के मामले में 11 आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए हैं। यह कार्रवाई सचिव आबकारी श्रीमती आर. संगीता एवं कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशों के बाद की गई है। जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में चलाए गए अभियान के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध शराब की तस्करी और बिक्री में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की गई। जब्त की गई विदेशी शराब मध्यप्रदेश से लाई गई थी, जिसे न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मुखबीर सूचना के आधार पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती सपना सिन्हा के नेतृत्व में ग्राम डुभापानी में छापामार कार्रवाई की गई। यहां 150 रूपए में गोवा व्हिस्की बेचे जाने की सूचना पर टीम ने तत्काल पहुंचकर मानती पति मेवालाल के कब्जे से 22 पाव अंग्रेजी शराब जब्त की। आरोपी को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इसके अलावा आबकारी टीम ने ग्राम सलका, पोड़ी-बचरा, चिरमी, सोनहत सहित विभिन्न क्षेत्रों से कुल 10 अन्य आरोपियों को भी अवैध शराब तस्करी और बिक्री करते हुए पकड़ा। सभी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जहां मामले विचाराधीन हैं। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि छग में 5 लीटर से अधिक शराब का अवैध भंडारण या बिक्री करना दंडनीय अपराध है, जिसमें 1 से 3 वर्ष तक की सजा एवं 25 हजार से 1 लाख रूपए तक का जुर्माना हो सकता है। वहीं, दोबारा अपराध करने पर 2 वर्ष तक की सजा और 50 हजार से 2 लाख रूपए तक के जुर्माने का प्रावधान है।



# टीबी मुक्त भारत अभियान का स्वास्थ्य मंत्री ने किया शुभारंभ

**मनेन्द्रगढ़।** विश्व क्षय दिवस के अवसर पर पूरे देश के साथ मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में भी टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय विशेष अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया।

राष्ट्रीय स्तर पर इस अभियान की शुरूआत केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा द्वारा नोएडा से वर्चुअल माध्यम से की गई, वहीं छग में इसका राज्य स्तरीय शुभारंभ मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले से होना अपने आप में एक ऐतिहासिक क्षण बन गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने अभियान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश टीबी उन्मूलन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह 100 दिवसीय अभियान उसी संकल्प को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि 24 मार्च का दिन ऐतिहासिक महत्व रखता है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में टीबी मुक्त भारत का संकल्प तेजी से साकार हो रहा है। उन्होंने बताया कि 7 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक चले अभियान में 4113 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जा ⏭ शेष पेज 2 पर

### 100 दिनों में घर-घर पहुंचेगा अभियान

अभियान को चार चरणों में संचालित किया जाएगा, जिसमें पहले चरण में घर-घर सर्वे कर संभावित मरीजों की पहचान की जाएगी। इसके बाद हाई रिस्क क्षेत्रों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, शहरी और जनजातीय क्षेत्रों में विशेष जांच अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में स्वास्थ्य मंत्री ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो जिलेभर में अभियान का प्रचार-प्रसार करेगा। कार्यक्रम में श्रीमती चंपा देवी पावले, महापौर रामनरेश राय, सभापति संतोष सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह, एमआईसी सदस्य नीलम सलूजा, मंडल अध्यक्ष पुरूषोत्तम सोनकर, रामलखन सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विश्व क्षय दिवस पर अभियान का शुभारंभ

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में राष्टीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अनूपपुर द्वारा विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय अनूपपुर में 100 दिवसीय अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ. अलका तिवारी, जिला क्षय अधिकारी डॉ. एससी राय सहित जिला चिकित्सालय के स्टॉफ उपस्थित रहे।

## पथरौडी कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में अव्यवस्थाएं, जांच की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजुरी

जनपद पंचायत शिक्षा केन्द्र कोतमा क्षेत्र अंतर्गत पथरौडी में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास एक बार फिर गंभीर अव्यवस्थाओं को लेकर चर्चा में है। यहां शासन द्वारा निर्धारित नियमों और मापदंडों की अनदेखी किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं, जिससे छात्राओं की सुविधाओं पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है। जानकारी के अनुसार छात्रावास में निवासरत बालिकाओं को मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझना पड़ रहा है।

भोजन की गुणवत्ता और नियमितता को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही हैं। निर्धारित मेन्यू के अनुरूप भोजन न मिलने से छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है। इसके साथ ही छात्रावास परिसर में साफ-सफाई की स्थिति भी चिंताजनक बताई जा रही है। गंदगी के कारण संक्रमण और बीमारियों का खतरा बना हुआ है, जिससे अभिभावकों में भी चिंता का माहौल है। सबसे गंभीर समस्या पेयजल की बताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक छात्रावास में पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, इसके कारण छात्राओं को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

## जिले के डेढ़ हजार से अधिक भूमिहीन कृषि मजदूरों के खाते में डेढ़ करोड़ अंतरित

**बैकुण्ठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों से प्रदेश के लाखों भूमिहीन कृषि मजदूरों के खाते में बुधवार को करोड़ों की राशि हस्तांतरित की गई, वहीं जिले के 1 हजार 528 भूमिहीन कृषि मजदूरों के खातों में लगभग 1.52 करोड़ की राशि हस्तांतरित किया गया। जिला प्रशासन के तत्वाधान में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय दीनदयाल भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत हितग्राहियों को राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पटना तहसील के पंडित ज्वाला प्रसाद शासकीय महाविद्यालय व सामुदायिक भवन सोनहत में कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के हितग्राही उपस्थित रहे।







चिरमिरी में आयोजित जिला संवाद में मौजूद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि।




स्वास्थ्य मंत्री का सम्मान करते हुए प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी।



कार्यक्रम में मौजूद अंचल के गणमान्य नागरिक।

# क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना होगा
# बेहतर काम होगा तो सभी सहयोग करेंगे

चिरमिरी में आयोजित हरिभूमि और आईएनएच के जिला संवाद कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने कहा कि क्षेत्र को विकास की गति की मुख्य धारा से जोड़ना बहुत जरूरी है। इसके लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सोचना और काम करना होगा। कांग्रेस की ओर से कहा गया कि यदि भाजपा बेहतर काम करती है तो वह उसका समर्थन और सहयोग करेगी। भाजपा नेताओं ने कहा कि जिले के विकास के लिए कोई भी कमी नहीं होने दी जाएगी। हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी ने पिछले 2 साल के भाजपा सरकार के कार्यकाल और क्षेत्र की जरूरत पर सभी जनप्रतिनिधियों से संवाद किया।




## 2 साल में भाजपा के पास बताने लायक कुछ नहीं: डॉ. जायसवाल

मनेंद्रगढ़ क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ विनय जायसवाल ने कहा है कि पिछले 2 सालों में भाजपा के पास बताने लायक कुछ भी नहीं है। सिर्फ लोगों में भ्रम फैलाकर भाजपा अपना काम कर रही है। कांग्रेस ने अपने 5 साल के कार्यकाल में जिन कामों को स्वीकृति दी थी और पूरा किया था उसे भी आगे नहीं बढ़ाया जा सका है। कांग्रेस ने जन भावनाओं की कद्र करते हुए और लोगों की मांग पर जिला बनाया जबकि इस मुद्दे पर कोई भी राजनीतिक दल हाथ डालने को तैयार नहीं था। हमने लेकिन न सिर्फ जिला बनाया बल्कि विकास के कार्य भी कराए। जिला बनाने के बाद जिला अस्पताल की स्थापना की गई और लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिले इस दिशा में काम किया गया। मेडिकल कॉलेज की स्थापना की तरफ पहल की गई और इसकी स्वीकृति भी मिली। लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है और शायद हमारी कहीं कमी रह गई इसलिए 2023 के चुनाव में हार मिली। फिलहाल हाल यह है कि स्टेशन रोड का काम अधूरा पड़ा है, चौपाटी नहीं बन सकी है तो 3 करोड़ का मंगल भवन शुरू होकर खंडहर बन गया है। भाजपा वाले भी ऑन कैमरा तो कुछ नहीं बोलेंगे लेकिन कैमरे से बाहर स्वीकार करते हैं कि सरकार कुछ नहीं कर रही है। आदिवासी कम होने के बाद भी आदिवासी क्षेत्र के लोगों को वह लाभ नहीं मिल रहा है जो मिलना चाहिए। वन कटाई पूरे क्षेत्र में जारी है, कांग्रेस ने इस पर रोक लगाई थी लेकिन अब तो सब खुलेआम चल रहा है। आज वर्तमान में लोग ठगे हुए महसूस कर रहे हैं। 2 साल से हॉर्टिकल्चर बनाने की कोशिश जारी है लेकिन जगह ही नहीं मिल पा रहीहै। कांग और जिले के क्षेत्र में आदेश से अधिक जमीन सीसीएल की नहीं है तो अब उसे सरकार को वापस करना चाहिए। अभी तो जिले में राज्य में और केंद्र में ट्रिपल इंजन की सरकार है तो इसकी पहल की जा सकती है। यदि ऐसा होता है तो कांग्रेस भी खुलकर समर्थन करेगी। लोगों को उनका अधिकार मिलना चाहिए।

## स्थानीय नेता होते तो लोकसभा चुनाव में जरूर जीत मिलती- चंपादेवी

पूर्व विधायक और संसदीय सचिव रही जिला भाजपा अध्यक्ष चंपा देवी पावले का मानना है कि लोकसभा चुनाव में यदि स्थानीय प्रत्याशी को मौका मिलता तो कोरबा लोकसभा सीट से भाजपा की जीत अवश्य होती। हालांकि उन्होंने भाजपा प्रत्याशी रही सरोज पांडे को बड़ा केंद्रीय नेता माना। यह भी कहा कि अगले चुनाव में जो कमियां रह गई होगी उसे दूर कर लिया जाएगा और सभी 11 लोकसभा सीट भाजपा के पाले में होगी। उन्होंने कहा कि पूरा संगठन मिलकर काम कर रहा है। इसलिए विधानसभा चुनाव के बाद नगरी निकाय चुनाव और स्थानीय चुनाव में भी भाजपा की जीत हुई है। भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र की विधायक रेणुका सिंह की उपस्थिति को उन्होंने अपना मार्गदर्शन और सहयोग माना। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि 5 साल सिर्फ भ्रष्टाचार और गड़बड़ी की गई इसलिए क्षेत्र का विकास प्रभावित हुआ। भाजपा की विष्णु देव सरकार सुशासन के तौर पर काम कर रही है यह दावा उन्होंने किया। किसानों के परेशान होने पर उन्होंने कहा की गिरदावरी और दूसरी गड़बड़ियां कांग्रेस सरकार में की गई थी जिसे सुधारने का काम बीजेपी कर रही है। किसानों को कोई शिकायत नहीं रही है सिर्फ बिचौलिए ही परेशान हो रहे हैं। 2018 के चुनाव में कांग्रेस की जीत पर उन्होंने कहा कि पार्टी झूठ बोलकर सत्ता में आई थी, 2023 के चुनाव में लोगों ने सबक सिखा दिया।

## नगर निगम क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं पर अधिक ध्यान: रामनरेश

चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र के महापौर रामनरेश राय का कहना है कि पिछले दो सालों में क्षेत्रवासियों के लिए मूलभूत सुविधाओं पर अधिक काम किया जा रहा है। इसमें खास तौर पर सड़क और पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। क्षेत्र में लंबे समय से पीने के पानी की कमी रही है। इसके लिए लोगों ने आंदोलन भी किया था। इसलिए 185 करोड़ की अमृत मिशन योजना क्षेत्र में लागू की गई है। यह केंद्र की योजना है जिसे जल्द लागू किया जाएगा। क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या पलायन की रही है जिस पर रोक लगाने की पूरी कोशिश जारी है। लोगों को यही काम मिले इसके प्रयास किए जा रहे हैं। करीब साल भर पहले जब हमने निगम की सत्ता संभाली थी उसे समय पूरी व्यवस्था चरमराई हुई थी। सड़के जर्जर थी तो सभी स्ट्रीट लाइट खराब थे और अंधेरा छाया हुआ था। सिटी बस का टेंडर खत्म हो गया था, फायर ब्रिगेड की भी व्यवस्था नहीं थी। आज चिरमिरी की सभी सड़कों को गौरव पथ के रूप में बदला जा रहा है। जंगल एरिया होने के कारण कुछ योजनाओं में समस्या आती है। एसईसीएल के साथ मिलकर पर्यावरण क्लीयरेंस पर काम किया जा रहा है।

## जिले की 195 ग्राम पंचायत में काम ठप, भाजपा कोई काम नहीं कर रही :गुलाब

भरतपुर सोनहत क्षेत्र के पूर्व कांग्रेसी विधायक गुलाब कमरो का कहना है कि भाजपा की सरकार आते ही जिले के सहित सभी क्षेत्रों में काम बंद हो गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा मतलब झूठ बोलो पार्टी। सिर्फ झूठ और झूठ पर काम किया जाता है। जिले के ही 25% से अधिक किसानों का ध्यान इस बार नहीं खरीदा गया। सरकार ने इस बार किस पट्टा स्वीकार नहीं किया। किसानों को भी परेशानी झेलनी पड़ी। मनरेगा और दूसरी योजनाओं का हाल लिया है कि 195 ग्राम पंचायत में काम बंद पड़ा है। पहले 40 लाख मजदूर दिवस पर काम होता था आज 12 लाख भी नहीं हो पा रहा है। प्रशासनिक हालत यह है कि मंत्री नेताओं तक के काम नहीं हो रहे हैं कोई अधिकारी सुनने वाला नहीं है। भाजपा का चाल चरित्र चेहरा लोगों के सामने है और अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार फिर से बनेगी इसका पूरा विश्वास है।



पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल का किया गया सम्मान।



ए के नर्सिंग कालेज की प्रोफेसर पाप्या बनर्जी का किया गया सम्मान।



यूपीएससी में चयनित जनकपुर की दर्शना सिंह का स्वास्थ्य मंत्री ने किया सम्मान।



कैट के जिलाध्यक्ष रघुनाथ पोद्दार का किया गया सम्मान।



श्री गणेश विनायक हास्पिटल के संचालक डॉ. जयंत एक्का का किया गया सम्मान।

# शुद्ध पेयजल आपूर्ति, अधूरे काम पूर्ण करने की चुनौती

जीएम कॉम्प्लेक्स तानसेन भवन में आयोजित चर्चा में क्षेत्र के विकास कार्यों, कांग्रेस द्वारा अधूरे छोड़े गए कार्य सहित अन्य विषयों पर पक्ष विपक्ष ने अपने तर्क रखे। चर्चा में पीलिया व शुद्ध पेयजल का मुद्दा उठा तो वहीं भाजपा ने भी कांग्रेस के अधूरे पड़े कार्यों को पूर्ण का वादा किया।

## पीलिया से हुई मौतों का जिम्मेदार कौन: अशोक

कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि विपक्ष में रहकर वे जनता की आवाज सरकार के संज्ञान में लाने का काम कर रहे हैं। बुनियादी सुविधाओं को लेकर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पीलिया की गंभीर बीमारी फैली। जिला अस्पताल होने के बाद भी इलाज के आभाव में लोगों की मौत हुई। इस दौरान कई लोगों ने अपना उपचार जिले से बाहर जाकर भी कराया सरकार पीलिया से सिर्फ चार मौतें बता रही है जबकि यह आंकड़ा 15 के ऊपर है। उन्होंने कहा कि गंदे पानी की सप्लाई पीलिया से मौत को लेकर स्वास्थ्य मंत्री छोटी बाजार क्षेत्र में गए और अधिकारियों को फटकार लगाने के साथ ही एफआईआर की चेतावनी भी दी थी लेकिन अभी भी क्षेत्र में गंदा पानी आ रहा है और चार मौतों के जिम्मेदार पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि टैंकर से पानी सप्लाई का ठेका लिया गया है और उसके द्वारा शुद्ध पेयजल की सप्लाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि चिरमिरी में जल आवर्धन योजना के तहत पानी सप्लाई हेतु स्वीकृति मिली हुई है सिर्फ 20 फीट पाइप लाइन नहीं बिछ पाने के कारण पानी सप्लाई शुरू नहीं हो सकी। इस सरकार में 20 फीट पाइप लाइन विस्तार की इच्छा शक्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में काम चल रहा था लेकिन भाजपा की सरकार आते ही काम को रोक दिया गया। जिले में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी बनी है और आउटलेट खड़े कर दिए गए हैं लेकिन एक भी ऐसा गांव नहीं है जहां पानी की सप्लाई शुरू हुई हो। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि इस बार भाजपा किसान बेरोजगारी स्वास्थ्य और पेयजल जैसी समस्याओं के साथ खुद ही हमें चुनाव में सरकार बनाने का मौका देगी। वर्तमान में जिला अस्पताल में एक भी डेंटिस्ट मौजूद नहीं है अस्थि रोग विशेषज्ञ भी बैकुंठपुर से आकर इलाज। करते हैं और वापस लौट जाते हैं। मरीज का इलाज करने के लिए उन्हें बैकुंठपुर बुलाया जाता है। चिकित्सकों के अभाव में जिला अस्पताल रेफरल सेंटर बना हुआ है। किसानों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसान के धान लगाने पर 13 बार अधिकारी जांच के लिए जाते हैं और जिन्होंने अफीम की खेती की, उन पर कोई कार्रवाई नहीं होती।




## अधूरे बचे कार्यों को किया जाएगा पूर्ण: संतोष

नगर निगम के सभापति संतोष सिंह ने कांग्रेस के आरोप का जवाब देते हुए कहा कि छोटी बाजार में पीलिया ग्रसित लोगों के लिए स्वास्थ्य मंत्री द्वारा हर व्यवस्था की गई। अपने कार्यकाल में कांग्रेस ने 3 करोड़ की पाइपलाइन बिछाकर सिर्फ 15 मीटर का काम छोड़ दिया। नियम के अनुसार ठेकेदार को जो भी काम मिलता है उसे पूरा करना ही होता है। हम भी प्रयास कर रहे हैं कि पाइपलाइन का विस्तार पूर्ण हो सके। जल्द ही पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू होगा। जल जीवन मिशन के कार्य को लेकर सभापति संतोष सिंह ने कहा कि यह काम भी कांग्रेस ने ही अधूरा छोड़ा, अब हमारी सरकार आई है तो स्वास्थ्य मंत्री व सरकार द्वारा काम पूरा कराया जाएगा। हमारी ट्रिपल इंजन की सरकार में जनहित के काम पूरे किए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार जिले के अंतिम छोर तक सड़क, पानी, बिजली व स्वास्थ्य की सुविधा पहुंचाने का कार्य होगा। बेहतर काम करने के बाद भी लोकसभा चुनाव में हार को लेकर उन्होंने कहा कि जनता ने जो जनादेश दिया है वह स्वीकार है। चिरमिरी में लोगों के भविष्य और उनकी चिंताओं को लेकर उन्होंने कहा कि यह एक मिनी भारत है जहां हर जगह से लोग आकर काम करते हैं और फिर यही रिटायर हो जाते हैं। कार्यकाल समाप्त होने के बाद ज्यादातर लोग अपने मूल निवास के ओर लौट गए लेकिन जमीन का मालिकाना हक नहीं मिलने के कारण अब लोग वापस जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन खदानों से कोयला उत्खनन हो चुका है वहां की भूमि राज्य सरकार को हस्तांतरित करने की दिशा में भी प्रयास किया जा रहे हैं।

## 500 के गैस सिलेंडर का वादा लेकिन लगवा दिया लाइन में: पूनम

युवा महिला कांग्रेस नेत्री पूनम सिंह ने कहा कि हम वर्तमान में भाजपा से जूझ रहे हैं। भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान वादा किया था वह आज भी पूरे नहीं हो पाए। सरकार ने गैस सिलेंडर 500 रुपए में देने का वादा किया था लेकिन आज महिलाओं को गैस सिलेंडर के लिए घंटों कतार में लगना पड़ रहा है। सिलेंडर के दाम भी सरकार ने बढ़ा दिए महिलाओं को अपने परिवार का पेट पालने के लिए महंगाई से जूझना पड़ रहा है, प्रदेश की सरकार भी महंगाई बढ़ाकर विकास की बात करती है। केंद्र से लेकर राज्य तक महंगाई बढ़ी हुई है मोदी की एक भी गारंटी अब तक पूर्ण रूप से लागू नहीं हो पाई है। कांग्रेस नेत्री पूनम सिंह ने कहा कि नागपुर से रेल लाइन बिछाने का काम पिछले 2 साल से चल रहा है लेकिन काम की गति में धीमी सरकार इस कार्य में तेजी लाई ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी ना हो। कांग्रेस के भविष्य को लेकर उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हमारी सरकार बनेगी और जनता का आशीर्वाद मिलेगा।

## सभी जगह हो रहा पानी सप्लाई: यशवंती

एमसीबी की जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह ने कहा कि कांग्रेस यह बता दें कि ऐसा कौन सा गांव है जहां पानी सप्लाई का काम शुरू नहीं हुआ है। हमारी जानकारी में सभी जगह पानी की सप्लाई हो रही है और ग्रामीण क्षेत्र में कहीं कोई दिक्कत नहीं है। जिपं अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह ने कहां की जिले में जनमन के साथ ही पीएम आवास के काम तेजी से चल रहे हैं।

# पलायन रोकने के लिए शिक्षा, पर्यटन व उद्योग पर काम हो

क्षेत्र की समस्याओं को लेकर शिक्षाविद व चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों ने चर्चा के दौरान चिरमिरी के भविष्य, स्थानीय लोगों का पलायन रोकने रोजगार के साथ ही मूलभूत विकास की सुविधाओं को लेकर मुद्दे उठाए गए। पलायन रोकने के लिए चिरमिरी क्षेत्र में उद्योग की स्थापना के साथ ही पर्यटन को विकसित करने और कनेक्टिविटी की समस्या को दूर करने विशेष जोर दिया गया। चर्चा में यह निष्कर्ष निकला की जिले के साथ ही चिरमिरी शिक्षा का हब है लेकिन यहां रोजगार के लिए बड़े उद्योग की स्थापना जरूरी है।




## आत्मनिर्भर चिरमिरी बनाना हो लक्ष्य: दुबे

चिरमिरी जिला बनने के बाद 2 साल में मिली उपलब्धियां और अधूरे कामों को लेकर शिक्षाविद भागवत दुबे ने कहा कि जिला बनना सिर्फ एक पड़ाव है, उद्देश्य नहीं। हमारा उद्देश्य होना चाहिए कि जब चिरमिरी से कोयला समाप्त हो जाएगा तो उसके बाद क्या होगा, हमारा लक्ष्य आत्मनिर्भर चिरमिरी बनाना है। जिले में रेल सड़क कनेक्टिविटी के साथ हैं रोजगार के लिए उद्योग धंधे होने चाहिए, पूर्व वित्त मंत्री डॉ. रामचंद्र सिंहदेव ने एक अध्ययन कराया था कि कोयला समाप्त होने से पहले क्या प्रयास हो कि पलायन को रोका जा सके। चिरमिरी में सिर्फ अप्रवासी ही रहे, खदानों में नौकरी की लेकिन किसी का चिरमिरी होम एड्रेस नहीं था इसलिए अब तक जो लोग गए उसे पलायन नहीं मान सकते लेकिन जब यहां की युवा पीढ़ी जाएगी तो पलायन माना जाएगा। श्री दुबे ने शिक्षा की स्थिति को लेकर कहा कि चिरमिरी व जिले में शिक्षा की स्थिति संतोषजनक नहीं है। श्री दुबे ने कहा कि चिरमिरी में सबसे बड़ा संकट यह है कि यहां रहने वाले नागरिकों ने जिस जमीन पर मकान का निर्माण किया है उसकी कोई हैसियत नहीं है पूरा चिरमिरी क्षेत्र लीज की भूमि पर बसा हुआ है और यही सबसे बड़ी बुनियादी चिंता है। वर्तमान में चिरमिरी की जमीन में सिर्फ गड्ढे हैं ओपन कास्ट माइनिंग के कारण स्थिति देनी हो गई है। जबकि नियम के अनुसार ओपन कास्ट माइनिंग को भरकर लेबलिंग करना चाहिए और टॉप स्वाइल को सुरक्षित करने पर ध्यान देना चाहिए।मैंने स्वयं कई बार इसे लेकर अधिकारियों से चर्चा की और पत्र भी लिखा लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिलता है उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून तो बनाए गए हैं। लेकिन इनका पालन नहीं हो पा रहा है।

## ट्रांसफर करने में बीत रहा कार्यकाल

क्षेत्र विधायकों की सक्रियता को लेकर श्री दुबे ने कहा कि यहां के विधायक दलगत राजनीति से ऊपर उठकर चलते आ रहे हैं। बड़ी समस्या यह है कि क्षेत्र के राजनीतिक कार्यकर्ता विधायकों को काम करने का मौका नहीं देते विधायकों का कार्यकाल अधिकारियों का ट्रांसफर करने में बीत जाता है।

## किसी के पास जमीन का पट्टा नहीं : पांडेय

शिक्षाविद रामकिंकर पांडेय ने कहा कि चिरमिरी प्रवासियों का शहर है जो यहां बसे उनके कर्म व मातृभूमि है लेकिन यहां स्थायित्व के लिए बुनियादी विकास सड़क के साथ इंडस्ट्रीज की जरूरत है। चिरमिरी में एक दो हॉस्टल की जरूरत है ताकि बाहर से आकर पढ़ने वाले बच्चों को सुविधा मिल सके। सरकार द्वारा नालंदा परिसर की घोषणा स्वागतयोग्य है। उद्योग की मांग को लेकर उन्होंने कहा कि चिरमिरी की धरती का दोहन कोयले के रूप में हो रहा है इसलिए यहां उद्योग पर्यटन के क्षेत्र में कम होने चाहिए ताकि पलायन रुक सके और चिरमिरी को वीरान ना छोड़ना पड़े। उन्होंने कहा कि चिरमिरी में जमीन के पट्टा की समस्या रही है लोग अपने मकान के वास्तविक मालिक नहीं है, इसलिए भविष्य को लेकर अनिश्चिता रहती है।

## स्वास्थ्य के क्षेत्र में पिछड़ा है जिला: डॉ. अंशुल

नेत्र रोग विशेषज्ञ और श्री राम हॉस्पिटल के संचालक डॉ. अंशुल सिंह ने कहा कि डॉ. विनय जायसवाल के प्रयासों से एमसीबी जिला अस्तित्व में आया। जिले में मेडिकल कॉलेज भी कांग्रेस कार्यकाल में स्वीकृत हुआ और अब मूर्त रूप ले रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर जिला पिछड़ा हुआ है। अगर यहां किसी व्यक्ति को हार्ट अटैक आ जाए और उसे एंजिओप्लास्टी की जरूरत हो तो तत्काल मरीज की जान बचाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का पिछड़ा इलाका जनकपुर केल्हारी में सड़क कनेक्टिविटी एक बड़ी समस्या है उस क्षेत्र में काला मोतिया से बड़ी संख्या में लोग ग्रसित हैं लेकिन आवागमन की सुविधा नहीं होने के कारण मरीज अपना उपचार करने नहीं आ पा रहे हैं।

## शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में काम कर रोकें पलायन: पटेल

केबी पटेल नर्सिंग वी बीएड कॉलेज के डायरेक्टर विश्वजीत बारिक ने कहा कि हवाई कनेक्टिविटी के मामले में हमारा क्षेत्र काफी पीछे है। लोग यहां का नाम सुनकर अपनी सेवा देने के लिए नहीं आना चाहते। अंबिकापुर में भी फ्लाइट की सुविधा शुरू हुई थी लेकिन अब उसका भी आता पता नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज के लिए एक आधारशिला है अगर हम बच्चों को अच्छे शिक्षा देते हैं और उनमें समाज सेवा का भाव विकसित करते हैं तो बच्चे जिले व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। क्षेत्र के बच्चों और युवाओं स्किल डेवलपमेंट पर काम करने की जरूरत है। श्री बारिक ने कहा कि मेरे संस्थान से पढ़कर युवा जिले के साथ ही देश-विदेश में अपनी सेवाएं दे रहे हैं यदि जिले और चिरमिरी से पलायन रोकना है तो शिक्षा, पर्यटन के क्षेत्र में काम करना होगा।